प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 28.01.2025

- **अपराध नियंत्रण की दिशा में कानपुर देहात पुलिस द्वारा की जा रही कड़ी कार्यवाही के क्रम में 01 नफर शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **थाना शिवली पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार ।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना शिवली पर वादी श्री विमल पाल पुत्र ब्रह्मादीन निवासी ग्राम बसेही पोस्ट नैबस्ता थाना शिवली जनपद कानपुर देहात द्वारा दी गयी लिखित तहरीर जिसमें वादी की बहन को जान से मारने की नीयत से ईंट से मारपीट करने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 28/2025 धारा 110 बीएनएस पंजीकृत किया गया था। दौराने इलाज पीड़िता की मृत्यु हो जाने पर धारा 110 बीएनएस का लोप कर धारा 105 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। मुकदमा उपरोक्त में वांछित चल रहे अभियुक्त अंकित पुत्र परशुराम निवासी ग्राम दुर्गापुर थाना शिवराजपुर जनपद कानपुर नगर उम्र 25 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 28.01.2025 को समय 09.15 बजे थाना शिवली क्षेत्रान्तर्गत प्रतापपुर खास नहर पुल से करीब 100 मीटर प्रतापपुर खास की तरफ जाने वाले रास्ते पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. अंकित पुत्र परशुराम निवासी ग्राम दुर्गापुर थाना शिवराजपुर जनपद कानपुर नगर।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0 28/2025 धारा 105 बीएनएस

गिरफ्तार करने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री अभिषेक सिंह।
2. का0 1038 बीनू।